RNI NO. - CHHHIN/2011/38292



13 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

अब 14 वें वर्ष की ओर

पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह



Bharatsamman.com Bharat samman Bharat Samman

वर्ष-14 अंक-32 — अम्बिकापुर, सोमवार, 13 मई 2024 — कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.

# संदेशखाली पर झूठ फैलाने से बेहतर है पीएम मोदी राज्यपाल को बदले, प्रधानमंत्री पर जमकर बरसी ममता बनर्जी

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संदेशखाली मुद्दे पर झूठ फैलाने के बजाय पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को बदल देना चाहिए। रविवार को उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर लोकसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार पार्थ भौमिक के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा,÷प्रधानमंत्री संदेशखाली मुद्दे पर लगातार झूठ बोल रहे हैं।

### महिलाएं कोलकाता राजभवन जाने से डरती हैं

प्रधानमंत्री का प्रतिनिधि कोलकाता के राजभवन में है। महिलाएं वहां जाने से डरती हैं। राज्यपाल के कुछ कार्यों के संबंध में आई खबरों के कारण मैं भी राजभवन में प्रवेश नहीं कर सकती। मैं संवैधानिक संकट का सामना कर रही हूं। इसलिए प्रधानमंत्री को राज्यपाल सीवी आनंद बोस को बदल देना चाहिए।÷ इससे पहले, प्रधानमंत्री ने बैरकपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए संदेशखाली में कुछ महिलाओं द्वारा यौन उत्पीड़न की शिकायतों को वापस लेने का जिक्र किया था।

### तृणमूल के 'गुंडे' महिलाओं को डराते है

प्रधानमंत्री ने कहा,÷संदेशखाली में अब एक नया खेल चल रहा है। तृणमूल के 'गुंडे' प्रदर्शनकारी महिलाओं को अपनी शिकायत वापस लेने की धमकी दे रहे हैं, क्योंकि मामले का मुख्य आरोपी टीएमसी नेता शेख शाहजहां है। तृणमूल कांग्रेस उसे क्लीन चिट देना चाहती है। राज्य सरकार शुरू से ही उसे बचाने की कोशिश कर रही है।



# बम से उड़ा देंगे', स्कूलों के बाद अब दिल्ली के 2 बड़े अस्पतालों को मिली धमकी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने के बाद अब दो बड़े अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले ने इस बार भी पुराने पैटर्न को दोहराते हुए ईमेल भेजा है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक ये धमकी भरा मेल संजय गांधी अस्पताल और बुरारी अस्पताल के पास आया है। बताया जा रहा है कि बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि धमकी भरे ईमेल की शिकायत अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस से की थी। इसके बाद आननफानन में पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस के अलावा वहां दमकल विभाग, बम और डॉग स्क्वायड की टीम भी पहुंची है। अस्पताल के चप्पे-चप्पे को खंगाला जा रहा है।

# मुस्लिम महिलाओं की वजह से होती है कम वोटिंग, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का विवादित बयान

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के बीच केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मुस्लिम महिलाओं को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि वोट डालने के लिए मुस्लिम महिलाएं बुर्के पहनकर जाती हैं, जिससे मतदान प्रभावित होने की आशंका रहती है।

### मुस्लिम महिलाओं के बुर्का पहनने से प्रभावित होती है वोटिंग

उन्होंने कहा, ÷मुस्लिम महिला मतदाता वोट डालने के लिए बूथ पर बुर्का पहनकर जाती हैं, जिनका चेहरा ढका रहता है। पोलिंग एजेंट को उनका चेहरा देखकर पहचान करने का अधिकार होता है। इस पर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। लोग बुर्का पहनकर जाते हैं, चेहरा ढका रहता है और इससे चुनाव प्रभावित होता है। लोगों से मेरा आग्रह है कि बूथ पर अगर कोई पोलिंग एजेंट ऐसा करता है तो बुरा नहीं मानना चाहिए। मैं चुनाव अधिकारियों से भी निवेदन करता हूं कि



चुनाव आयोग का भी यह इंस्ट्रक्शन है कि अगर किसी मतदाता का चेहरा पहचान में नहीं आ रहा है तो वह उसका चेहरा देख सकते हैं।

### बुर्के को लेकर पहले भी विवादित बयान दे चुके हैं गिरिराज सिंह

गिरिराज सिंह इससे पहले भी बुर्के के खिलाफ तरह-तरह के बयान दे चुके हैं। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान भी उन्होंने बुर्के पर बैन लगाने की मांग की थी। उनकी दलील थी कि बुर्के की आड़ में कई जगह बम विस्फोट हुए हैं, इसलिए निश्चित तौर पर बुर्के पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

### सीपीआई के अवधेश राय से है मुकाबला


गिरिराज सिंह भाजपा के दिग्गज नेता हैं और केंद्र सरकार में मंत्री हैं। बेगूसराय लोकसभा सीट से भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी बनाया है। इस सीट पर उनका सामना सीपीआई नेता अवधेश कुमार राय से है।

# 21 साल बाद पृथ्वी से टकराया सबसे मजबूत सौर-तूफान, कम्युनिकेशन और जीपीएस सिस्टम पर दिखेगा बड़ा असर

**नई दिल्ली।** एक मजबूत सौर तूफान हमारी पृथ्वी से टकराया है। इस तूफान को भू-चुंबकीय तूफान के नाम से जाना जाता है। इस तूफान का असर नेविगेशन, संचार और रेडियो सिग्नलों पर पड़ सकता है इस तूफान को 2003 के बाद से सबसे खतरनाक तूफान माना जा रहा है। इसी कड़ी में स्टारलिंक सैटेलाइट के ऑनर एलन मस्क ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल से एक लेटेस्ट पोस्ट जारी किया है।

एलन मस्क अपने इस पोस्ट में जियोमैग्नेटिक सौर-तूफान को एक बड़ा तूफान बताते हैं। वे कहते हैं कि यह लंबे समय बाद एक बड़ा तूफान है। स्टारलिंक सैटेलाइट बहुत दबाव में है। हालांकि, हम अभी भी टिके हुए हैं। मस्क अपने इस पोस्ट में जियोमैग्नेटिक सौर-तूफान का तीन घंटों का डेटा शेयर करते हैं, जो कि 9 मई 2024 को शुरू हुआ था। मस्क ने स्पेस वैदर प्रिडिक्शन का चार्ट दिखाया गया है। इस चार्ट में जियोमैग्नेटिक सौर-तूफान की फ्रिक्वेंसी दिखाई गई है।

नोआ के अनुसार, इंसान सोलर साइकिल 25 के पीक के बेहद करीब हैं।



यह 11 साल में घटने वाले ऐसा समय है जब सूरज अपने उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों फ्लिप करता है। इस दौरान बहुत सी अंतरिक्ष और मौसम से जुड़ी घटनाएं घट सकती हैं। इस स्थिति को सोलर मैक्सिमम भी कहा जाता है। ह्ढ भू-चुंबकीय तूफानों को त1 से त5 तक के स्केल पर रैंक करता है। इस रैंक के साथ कमजोर और सबसे छोटे तूफान से लेकर सबसे बड़े तूफान को दिखाया जाता है। जहां त1 को कमजोर और त5 को सबसे बड़ा तूफान माना जाता है।

दरअसल, सूरज की सतह पर कोरोनल मास इजेक्शन यानी विशाल विस्फोट होते हैं। इस विस्फोट के साथ ऊर्जावान कणों की धाराएं अंतरिक्ष में पहुंचती है। यही कण जब पृथ्वी तक पहुंचते हैं तो चुंबकीय क्षेत्र में गड़बड़ी पैदा करते हैं। इस स्थिति को ही भू-चुंबकीय तूफान कहा जाता है।

### इन तूफान का क्या पड़ता है असर

1. इन तूफान का सीधा असर कम्युनिकेशन सिस्टम, जीपीएस और इलेक्ट्रिसिटी पर पड़ सकता है।
2. जी5 तूफान की वजह से कई घंटों तक हाई फ्रीक्वेंसी रेडियो ब्लैकआउट की घटना घट सकती है।
3. इन तूफान का असर पावर सप्लाई में भी देखा जा सकता है।





आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

भारत सम्मान

इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उतराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

इन पदों में होंगे नियुक्त...

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप्प No. 09303890212 पर भेजे।

नोट

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध
सम्पादक
भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क
094242 62547
09303890212

संपादकीय

## भ्रामक प्रचार से बाज आना चाहिए

देश में हिंदुओं की आबादी में कमी आ रही है। धार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी- राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण ( 1950-2015 ) दस्तावेज में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ने खुलासा किया है। इसमें हिन्दू आबादी के 7.82 फीसद कम होने के साथ मुसलमानों की 43.15 फीसद बढ़ने की बात की गई है। सिखों की आबादी 1.24 फीसद से बढकर 1.85 फीसद तथा इसाइयों की 2.24 फीसद से बढ कर 2.36 फीसद हो गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार बौद्ध भी बढ़े हैं, जबकि जैन व पारसियों की संख्या घटी है। यूं तो जनसंख्या के आंकड़े जनगणना के माध्यम से आते हैं। जो 2011 के बाद से नहीं हो सकी है। जनगणना 2021 में प्रस्तावित थी, जो करोना महामारी के कारण स्थगित कर दी गई थी। इस अध्ययन में बहुसंख्यक व अल्पसंख्यक आबादी में आए उतार-चढाव के अंतरराष्ट्रीय रुझान का पता लगाने के लिए 167 देश शामिल थे, जिसके मुताबिक भारतीय उपमहाद्वीप में मुस्लिम आबादी की बढ़ोत्तरी सबसे ज्यादा हुई। जबकि बांग्लादेश में 10 फीसद व पाकिस्तान में 10 फीसद मुसलमानों की आबादी में बढ़त देखी गई। देश में मौजूदा वक्त में लोक सभा चुनाव चल रहे हैं, जिसमें सत्ताधारी दल पहले ही धार्मिक आधार पर बयानबाजियां करने और समाज में दरारें पैदा करने में हिचक नहीं रहा है। ऐसे में इस रिपोर्ट का प्रचार खास समुदाय को निशाना बनाने में सहायक साबित हो सकता है। विपक्ष भी इसे चुनावी चाल कह आरएसएस का एजेंडा चलाने का आरोप लगा रहा है। वास्तव में हम धर्मनिरपेक्ष देश हैं, जिसमें सभी धर्मो का बराबर सम्मान किया जाना और उनके साथ सहिष्णुता बरतना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। मुसलमानों की आबादी बढ़ने के कारणों में यूं तो उनकी चार शादियां, धर्मांतरण व घुसपैठ को दोषी ठहराया जा रहा है, जबकि इसके पीछे अशिक्षा व जागरूकता की कमी अधिक है। विशेष समुदाय पर देश की जनसांख्यिकी बदलने के प्रयासों का आरोप मढ़ना कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता। इस हकीकत को झुठलाया नहीं जा सकता कि दुनिया भर में मुसलमानों की आबादी सबसे तेजी से बढ़ रही है। बीते सौ वर्षों में वे 12.5 फीसद से बढकर 22.5 फीसद हो चुके हैं। इसलिए केवल भारत में मुसलमानों की बढ़ती जनसंख्या के लिए भ्रामक प्रचार से बाज आना चाहिए। साथ ही उन्हें जागरूक करने और सेहत संबंधी फायदों के विषय में आगाह करने के प्रयास करने चाहिए।

# सताने लगी है गर्मी की सर्दी-जुकाम, अस्पतालों में लग रही भीड़

**बिलासपुर।** इन दिनों गर्मी की सर्दी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। सर्द-गर्म के संपर्क में आने से लोग सर्दी-खांसी से संक्रमित हो रहे है। खासतौर से गले में बनने वाली कफ परेशान कर रहा है। इसी वजह से इन दिनों सरकारी अस्पतालों के साथ निजी अस्पताल में सर्दी-खांसी के मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे है। वही संक्रमित होने वाले को पूरी तरह से ठीक होने में 10 से 15 दिन तक का समय लग जा रहा है।

मौसमी बीमारी का प्रकोप तो खत्म हो गया है, लेकिन भीषण गर्मी के बीच सर्द-गर्म ने लोगों को दिक्कत बढ़ा दी है। हो यह रहा है कि गर्मी से बेचने के लिए लोग ठंडे पानी और ठंडे पदार्थ का सेवन ज्यादा कर रहे है। ऐसे में गर्म शरीर में ठंडा पदार्थ जाने से शरीर का तापमान



एकदम से प्रभावित हो रहा है और लोग गर्मी की सर्दी से संक्रमित हो जा रहे है। इसी वजह से सिम्स और जिला अस्पताल की मेडिसिन ओपीडी में लोग सर्दी-खांसी की शिकायत लेकर पहुंच रहे है। चिकित्सकों के मुताबिक इस तरह की सर्दी को ठीक होने में समय लगता है और सर्दी से संक्रमित व्यक्ति का कफ ज्यादा बनता है जो उन्हें परेशान करता है। ऐसे में जरूरी है कि धूप से आने के बाद तत्काल पानी व अन्य ठंडे पदार्थ का सेवन न करे, इस तरह की गलती करने की वजह से इस तरह की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

### ऐसे बचे सर्दी वाले गर्मी से

धूप से आने के बाद तुरंत पानी या अन्य ठंडा पदार्थ का सेवन न करे। धूप से आने के बाद तुरंत कूलर और एसी में न जाए। अत्यधिक ठंडे पानी का सेवन न करें। कसरत आदि करने के बाद तुरंत स्नान न करें।

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर दूसरे के जमीन की रजिस्ट्री कराने के मामले में फरार दो आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** फर्जी दस्तावेज तैयार कर तथा फर्जी मुख्तयारनामा तैयार कर दूसरे के जमीन की रजिस्ट्री कराने के मामले में फरार दो आरोपियों को पुलिस ने दुर्ग से गिरफ्तार कर लिया है। मामले में दो आरोपी पहले ही गिरफ्तार कियेय जा चुके है।

मिली जानकारी के अनुसार 86 नर्मदा रोड रतन कालोनी जबलपुर मप्र निवासी समीर सचदेवा पिता भारतभूषण सचदेवा उम्र 53 साल ने दिनांक 4 फरवरी 2024 को सिटी कोतवाली थाने में लिखित आवेदन कर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि इसका जमीन ग्राम तेलीटोला (टप्पा) पटवारी हल्का न0 19 तहसील लालबहादुर नगर जिला राजनांदगॉव में खसरा न0 86/01 क्षेत्रफल 0.466 हेक्टेयर जो जीई रोड से लगी है। उक्त जमीन के संबंध में दिनांक 19.01.2024 को हल्का पटवारी श्री कमलेश चंदेल द्वारा फोन कर जानकारी लिया आप किसी को पावर आफअटर्नी देकर बिक्री किये हो जमीन बिक चुकी है। तब यह जबलपुर से आकर जानकारी लिया तो उक्त जमीन को अनावेदक प्रेमलाल भाट ग्राम रजोली जिला बालोद के द्वारा अन्य लोगो के साथ मिलकर भूमि का फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्रार्थी के स्थान पर अन्य व्यक्ति को खड़ाकर फर्जी मुख्तयारनामा तैयार कर क्रेता के पक्ष में उपपंजीयक कार्यालय राजनांदगॉव को विक्रयनामा निष्पादित करना पाया गया। मामले मी जॉच पर धारा 419,420,467,468,471,120-बी भादवि का अपराध घटित होना पाया जाने से थाना कोतवाली राजनांदगॉव में अपराध क्रमांक 81/2024 धारा 419, 420,467,468,471,120-बी भादवि0 कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान दिनांक 24 फरवरी 2024 को ही आरोपी नावेद अली पिता नरेश सिंह उम्र 32 साल निवासी वार्ड न. 41 केलाबाडी मस्जिद के पिछे दुर्ग थाना पदनाभपुर जिला दुर्ग तथा श्रवण कुमार साहू पिता स्व. जोहत राम साहू उम्र 39 साल निवासी सिकोसा ग्रामीण बैंक के सामने थाना गुण्डरदेही जिला बालोद को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। वहीं दो अन्य फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान 12 मई 2024 को मुखबीर की सूचना पर आरोपी बिहारी लाल पिता स्व. मेहत्तर राम उम्र 58 वर्ष साकिन दमोदा थाना पुलगांव जिला दुर्ग को ग्राम दमोदा जिला दुर्ग से एवं आरोपी प्रेमलाल भाट पिता लिलक राम भाट उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम रजोली थाना रनचिरई जिला बालोद को दुर्ग शहर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार किया जिस पर दिनांक 12 मई को दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।



# कोल साइडिंग के चलने वाले वाहनों ने सड़क का निकाला कचूमर

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ओर से कोरबा की जनता को सुविधा देने के लिए दावे जरूर किये जा रहे है, लेकिन सच्चाई यही है कि इनका दम निकल रहा है। कोरबा में स्टेशन की सेंकेड एंट्री का विकल्प राहत जरूर दे रहा है, लेकिन इस क्षेत्र में निजी कोल साइडिंग के लिए चलने वाले वाहनों ने सडक का कचूमर निकाल दिया है। ऐसा लगता है कि कोरबा में रेल समस्या के साथ जनता की परेशानी का साथ मानो चोली दामन जैसा है, जो केवल लंबे समय से न केवल बना हुआ है बल्कि छूटने का नाम नहीं ले रहा है। एसईसीआर के द्वारा अमृत काल में रेलवे स्टेशन के विकास के लिए कई योजनाएं चलायी जा रही है। कई कारणों से कोरबा को इसमें शामिल किया गया है। इसके अंतर्गत प्लेटफार्म नंबर 2-3 के लिए मुख्य प्रवेश द्वारा के लिए कुछ आगे से अतिरिक्त फूट ओव्हरब्रिज तैयार कराया जा रहा है। इसके अलावा प्लेटफार्म में शेड विस्तार से संबंधित काम भी कराये जा रहे हैं। लगातार हो रही परेशानी को ध्यान में रख कुछ महीने पहले रेलवे ने सेंकेड एंट्री को शुरू करते हुए मौके पर ही टिकट काउंटर शुरू किया है। इसके जरिये लोगों को कुछ राहत मिली है। उपनगरीय क्षेत्र की बड़ी संख्या सीजीएम कार्यालय एसईसीएल व मुड़ापार बायपास होते हुए सेंकेड एंट्री तक पहुंच रही है। लेकिन इसी रास्ते में निजी कोल साइडिंग संचालित किये जाने से स्टेशन जाने वाली सडक एक प्रकार से नरक में बदल में गई है। रास्ते पर उपस्थित कीचड़ और भारी वाहनों की आवाजाही से लोगों के शक्ल सूरत बदल जाती है, जिससे वे परेशान हैं।

# युवक की हत्या मामले के तीन आरोपी गए जेल, आरोपियों ने मारपीट कर की थी युवक की हत्या

**रायगढ़।** जिले की खरसिया पुलिस द्वारा 09 मई को ग्राम भेलवाडीह में युवक दीपक पटेल की मारपीट कर हत्या करने वाले तीन आरोपी संतोष पटैल, अजय पटेल और संतोष की पत्नी रामेश्वरी पटैल को आज गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है ।

जानकारी के मुताबिक आरोपियों द्वारा पुरानी रंजीश को लेकर दिनांक 09.05.2024 की रात्रि दीपक पटेल को लोहे के रॉड, बांस के डण्डा और लात मुक्कों से मारपीट कर चोट पहुंचाये थे । मारपीट में गंभीर चोट आये दीपक को डायल 112 द्वारा नजदीकी अस्पताल खरसिया लाकर भर्ती किया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर द्वारा दीपक पटेल को रिफर करने पर उसके परिवार वाले खरसिया से अपेक्स अस्पताल रायगढ़ में ले जाकर भर्ती किये थे जहां उपचार दौरान दिनांक 10.05.2024 की सुबह 03.00 बजे दीपक फौत हो गया । घटना के संबंध में मृतक दीपक के चचेरे भाई नागेन्द्र पटेल निवासी ग्राम सिंघनसरा थाना सक्ती जिला सक्ती की रिपोर्ट पर थाना खरसिया में आरोपियों पर अप.क्र. 268/2024 धारा 302, 294, 323, 34 आईपीसी का अपराध कायम कर तत्काल पुलिस टीम द्वारा आरोपी (1) संतोष पटैल पिता मनोहर पटैल उम्र 46 वर्ष निवासी भेलवाडीह थाना खरसिया (2) अजय पटैल पिता गोविंद राम पटैल उम्र 36 साल निवासी छोटे मुड़पार थाना खरसिया (3) श्रीमती रामेश्वरी पटैल पति संतोष पटैल उम्र 30 वर्ष भेलवाडीह थाना खरसिया को हिरासत में लिया गया । आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया है जिनसे घटना में प्रयुक्त लोहे का रॉड, बांस का डंडा जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है । पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी खरसिया श्री प्रभात कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर हत्या के अपराध में त्वरित कार्रवाई में थाना प्रभारी खरसिया प्रशिक्षु आईपीएस श्री आकाश श्रीश्रीमाल, उप निरीक्षक ऐनु कुमार देवांगन, सउनि राजेश दर्शन, लक्ष्मी नारायण राठौर, आरक्षक विशोप सिंह, सत्य नारायण, अशोक कंवर की अहम भूमिका रही है ।

# राजधानी में देर रात हुई तलवारबाजी, घटना में पिता-पुत्र समेत 4 घायल

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में देर रात तलवारबाजी हुई है. इस हिंसक झड़प में किसी के सिर, नाक और पीठ पर तलवार से चोटें आई. घटना में पीता, पुत्र समेत 4 लोग घायल हुए हैं. यह पूरा मामला खम्हारडीह थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, कॉलेज की पुरानी रंजिश के चलते रायपुर के अवंति विहार स्थित विजय चौक पर देर रात तलवारबाजी हुई. तलवारबाजी में देवेंद्र नगर निवासी पिता, पुत्र समेत 4 लोग घायल हुए. जिसमें घायल पिता अनीस, बेटा लक्की, फजल और सौरभ को आई चोटें आई है. मामले में घायलों ने उत्पल भट्टाचार्य और उसके बेटे आदर्श भट्टाचार्य समेत उसके साथियों पर तलवारबाजी का



आरोप लगाया गया है. घटना में घायलों को अस्पताल ले जाकर इलाज कराया गया. मामले में शिकायत मिलने के बाद खम्हारडीह पुलिस जांच में जुट गई है।

# दो वीआईपी वन भैंसे 2 माह में पी गए 4 लाख 60 हजार का पानी

## इन्हें देख सकते हैं केवल वीआईपी लोग, 6 वन भैंसों पर अब तक करोड़ों रुपये खर्च



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बारनवापारा अभ्यारण्य में दो वीआईपी वन भैंसे हैं। इन्हें 7 पर्दों के पीछे छुपा कर रखा गया है, जिन्हें केवल वीआईपी लोग ही देख सकते हैं। इन भैंसों के खाने-पीने, रखरखाव और प्रजनन के लिए सरकार ने 1 करोड़ 50 लाख रुपए से भी अधिक खर्च कर दिया है। लेकिन जिस उद्देश्य से इन भैंसों को विदेश से छत्तीसगढ़ लाया गया है ना तो वह पूरा हो सका और ना ही इन वन्यप्राणियों को स्वतंत्रता से विचरण करने दिया जा रहा है। दरअसल, 12 मई 2020 को असम से प्रदेश के बारनवापारा अभ्यारण लाये गए ढाई साल के दो सब एडल्ट वन भैंसों को असम के मानस टाइगर रिज़र्व से पकड़ने के बाद दो माह वहां बाड़े में रखा गया, एक नर था और एक मादा। वहां पानी पिलाने की व्यवस्था के लिए चार लाख 4,56,580 रुपए का बजट दिया गया। इसके बाद जब ये बारनवापारा लाये गए तब उनके लिए रायपुर से 6 नए कूलर भिजवाए गए, निर्णय लिया गया की तापमान नियंत्रित न हो तो एसी लगाया जाए, ग्रीन नेट भी लगाई गई।

### एक साल में 40 लाख का करते हैं भोजन

दस्तावेज बताते है कि सिर्फ 23-24 में बारनवापारा में 6 वन भैंसों के भोजन - चना, खरी, चुनी, पैरा कुट्टी, दलिया, घांस के लिए 40 लाख रुपए जारी किए गए हैं।

### वन भैंसों को बंधक बनाकर रखना था प्लान ?

सिंघवी ने आरोप लगाया कि, पहले दिन से ही प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) के गुप्त प्लान के अनुसार इन्हें आजीवन बारनवापारा अभ्यारण में ही बंधक बनाकर रखना था। इसलिए इन्हें बारनवापारा अभ्यारण में छोड़ने की भारत सरकार की शर्त के विरुद्ध बंधक बना रखा है। सिंघवी का आरोप है कि, अब ये आजीवन बंधक रह कर बारनवापारा के बाड़े में ही वंश वृद्धि करेंगे, जिसमें एक ही नर की संतान से लगातार वंश वृद्धि होने से इनका जीन पूल ख़राब हो जायेगा।

### क्या जनता के 40 लाख रुपये का भोजन कराने लाये वन भैंसे?

वन्य जीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने इस मामले में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) से पूछा कि, असम में स्वतंत्र विचरण करने वाले वन भैंसे जो वहां प्राकृतिक वनस्पति, घांस खा कर जिन्दा थे। वहां रहते तो प्रकृति के बीच वंश वृद्धि करते। उनको हर साल जनता की गाढ़ी कमाई का 40 लाख का भोजन कराने के लिए छत्तीसगढ़ लाए हैं क्या?

### कितने करोड़ रुपए हुए खर्च ?

सिंघवी ने आरोप लगाया है कि, वन विभाग के पास मुख्यालय में और फील्ड डायरेक्टर उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व में, जिनको बजट आबंधित किया जाता है, उन्हें असम और बारनवापारा में वन भैसों पर खर्च की गई राशि की जानकारी ही नहीं है। इसलिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) को प्रेस विज्ञप्ति जारी करके आज की तारीख तक के असम से लाए गए वन भैंसों पर कुल कितने करोड़ रुपए खर्च हुए हैं, इसकी जानकारी जनता को देना चाहिए।

### भैंसों को टाइगर रिजर्व में छोड़ना होगा गलत

अब अगर असम से लाये गए वन भैंसों को अगर उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व में छोड़ा जाता है, तो वहां दर्जनों क्रॉस ब्रीड के वन भैंसे हैं। जिनसे क्रॉस होकर असम की शुद्ध नस्ल की मादा वन भैंसों की संतानें मूल नस्ल की नहीं रहेंगी। इसलिए इन्हें वहां पर भी नहीं छोड़ा जा सकता।

### जनता के करोड़ों रुपये बर्बाद ?

सिंघवी ने पूछा कि इन्हें सिर्फ वी.आई.पी. को ही क्यों देखने दिया जाता है? जब कि उनको मालूम था कि छत्तीसगढ़ में शुद्ध नस्ल का एक ही वन भैंसा बचा है, जो बुढा है। जिससे वंश वृद्धि नहीं हो सकेगी, तो फिर जनता का करोडों रूपया क्यों बर्बाद किया? ये कैसी अत्याचारी सोच है कि, खुले में घूम रहे संकटग्रस्त मूक जानवर को आजीवन बंधक बना कर वन विभाग के अधिकारियों को ख़ुशी मिल रही है?

### भैंसों पर करोड़ों खर्च

2023 में चार और मादा वन मादा भैंसे असम से लाये गए, तब एक लाख रुपए खस के लिए दिए गए, जिस पर पानी डाल करके तापमान नियंत्रित रखा जाता था। वर्ष 2020 में असम में बाड़ा निर्माण किया गया था, उस पर कितना खर्च हुआ इसकी जानकारी वन विभाग के पास नहीं है। लेकिन 2023 में उसी बाड़े के संधारण के लिए 15 लाख जारी किये गए। दोनों बार में वन भैंसे के असम से परिवहन इत्यादि के लिए  58 लाख जारी किए गए।

### जू अथॉरिटी ने नहीं दी प्रजनन केंद्र की अनुमति

वर्ष 2019-2020 से लेकर 20-21 तक बारनवापारा के प्रजनन केंद्र के निर्माण और रखरखाव के लिए एक करोड़ साठ लाख रुपए जारी किए गए। इसके अलावा 2021 से आज तक और भी राशि खर्च की गई है। इतना सब करने के बाढ़ भी केंद्रीय जू अथॉरिटी ने भी दो टूक शब्दों में मना कर दिया है कि, बारनवापारा अभ्यारण में प्रजनन केंद्र की अनुमति हम नहीं देंगे।

### जानिये कैसे करेंगे वंश वृद्धि

रायपुर के वन्य जीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने वन विभाग पर आरोप लगाया कि, प्लान तो यह था कि असम से वन भैंसे लाकर, छत्तीसगढ़ के वन भैंसे से प्रजनन करा कर वंश वृद्धि की जाए परंतु छत्तीसगढ़ में शुद्ध नस्ल का सिर्फ एक ही नर वन भैंसा 'छोटू' उदंती सीता-नदी टाइगर रिजर्व में बचा है, जो कि बूढा है और उम्र के अंतिम पड़ाव पर है। उसकी उम्र लगभग 24 वर्ष है। वन भैंसों की अधिकतम उम्र 25 वर्ष होती है, बंधक में 2-4 साल और जी सकते हैं। बुढ़ापे के कारण जब छोटू से प्रजनन कराना संभव नहीं दिखा तो उसका वीर्य निकाल आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन के द्वारा प्रजनन का प्लान बनाया गया, जिसकी तैयारी पर ही लाखों रुपए खर्च हो चुके हैं। सिंघवी ने आगाह किया कि, यह वैसा ही आत्मघाती होगा जैसे किसी 90 वर्ष के बुजुर्ग से जबरदस्ती वीर्य निकलवाना, छोटू ऐसा करने से मर भी सकता है, जिसकी जवाबदारी प्रधान मुख्य वन संरक्षक की रहेगी।

# छत्तीसगढ़ में फिर बदला मौसम का मिजाज

## तेज आंधी-तूफान और बारिश से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त, पेड़ टूटकर सड़क पर गिरे, इन जिलों के लिए अलर्ट जारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है. पिछले कई दिनों प्रदेश के कई जिले में लगातार तेज आंधी-तूफान और बारिश का सिलसिला जारी है. वहीं आज सुबह से ही प्रदेश के कई इलाकों में बादल छाए हुए है. आज दक्षिण छत्तीसगढ़ में कोंडागांव समेत आसपास के इलाकों में आंधी तूफान के साथ झमाझम बारिश हो रही है. अचानक मौसम में आए बदलाव की वजह से जनजीवन प्रभावित हुआ है. रायपुर-जगदलपुर मार्ग पर कई जगह पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गए है. कई जगहों पर बिजली के तार टूटने से गांवों में बिजली गुल हो गई है. वहीं किसानों की फसलों को भी नुकसान हुआ है. राजधानी रायपुर और आसपास के जिलों में भी आसमान पर काले बादल छाए हुए है।

जानकरी के मुताबिक, उत्तर-पश्चिम राजस्थान से मध्यप्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल होते हुए दक्षिण असम तक एक द्रोणिका है. मध्यप्रदेश और आसपास 1.5 किमी की ऊंचाई पर एक चक्रवात है. इस सिस्टम की वजह से समुद्र से नमी आ रही है. राजस्थान और मध्यप्रदेश में इस वजह से बारिश हो रही है. जिसका असर छत्तीसगढ़ में भी दिख रहा है. मौसम विभाग ने आज सरगुजा, जशपुर ,बलरामपुर, बिलासपुर, पेंड्रा, रायगढ़, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर, रायपुर, बलौदा बाजार, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, राजनांदगांव में हल्की बारिश की संभावना जताई हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 5 दिनों तक छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में गरज-चमक के साथ कई इलाकों में बारिश की संभावना हैं. मौसम विज्ञानियों का कहना है कि 13 मई से बारिश, अंधड़ और गरज-चमक पड़ने की गतिविधियां बढ़ेंगी, इसका असर राज्य के सभी संभागों में नजर आएगा। 15 मई तक प्रदेश में यही हालात रहेंगे।

# महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले पर आईजी अमरेश मिश्रा का बड़ा खुलासा

## बर्खास्त पुलिस आरक्षक अर्जुन यादव के पैनल के 5 सटोरिये कलकत्ता से गिरफ्तार, सैंकड़ों बैंक खातों के साथ 32 करोड़ का मिला लेन-देन



**रायपुर।** महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले में कई तार खुलते जा रहे हैं. महादेव एप पर एक बार फिर से रायपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. महादेव 364 पैनल से आईपीएल सट्टा संचालित करते बिहार के 5 अंतर्राज्यीय सटोरियों को कलकत्ता से गिरफ्तार किया गया है. रायपुर पुलिस की ऑर्गेनाइजेशनल इनपुट पर यह कार्रवाई की गई है. यह ईओडब्ल्यू में गिरफ्तार बर्खास्त पुलिस आरक्षक अर्जुन यादव का पैनल था. मामले का खुलासा रायपुर रेंज आईजी अमरेश मिश्रा ने किया है। सटोरिये कोलकाता में बैठकर महादेव 364 आईडी पैनल से आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा का संचालन कर रहे थे. इस पैनल के आरोपियों के साथ अब तक कुल 13 सटोरिये गिरफ्तार हुए हैं. सभी सटोरियें बिहार के रहने वाले हैं. जो कोलकाता में फ्लैट किराये से लेकर कर पैनल का संचालन रहे थे. पुलिस ने सटोरियों के कब्जे से 7 लैपटॉप, 19 मोबाइल, 7 पास बुक, 5 चेक बुक और 10 एटीएम जब्त किया गया है. जब्त सामान की कीमत है लगभग 6 लाख 60 हजार रूपये है. पूर्व में कलकत्ता से ही 8 सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 लैपटॉप, 36 मोबाइल जब्त किये गए थे. कुल जब्त सामग्रियों की कीमत 12 लाख रूपये है।

### 13 सटोरियों के पास से मिला 32 करोड़ से अधिक का लेन-देन

मामले में गिरफ्तार सभी 13 सटोरियों के लैपटॉप और मोबाइल में लगभग 32 करोड़ रूपये से अधिक के लेन-देन की जानकारी प्राप्त हुई है. गिरफ्तार सटोरियों से पैनल संचालन के लिए उपयोग किये जाने वाले कुल 35 बैंक खातों की जानकारी भी मिली है. जिसमें ट्रांजैक्शन का विश्लेषण पुलिस कर रही है. वहीं हजारों प्लेयर की जानकारी भी प्राप्त हुई है. इन सभी सटोरियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रहे है। वहीं खुलासे में आईजी मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2024 के आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरानएंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम ने अब तक 9 प्रकरण में कुल 62 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जिनसे लगभग 110 बैंक खातो की जानकारी प्राप्त की गई है. प्राप्त बैंक खातों के राशियों को होल्ड और फ्रीज कराने के लिए बैंकों को पत्राचार किया जा रहा है।

### गिरफ्तार सटोरियों बिहार के बांका जिले के हैं, सभी के नाम

गोपी यादव पिता शंकर यादव (23 साल) निवासी बारहाठाह पोस्ट सुईया, कटोरिया थाना.

महेश यादव पिता गोपाल यादव (19 साल) निवासी ग्राम धनोछी पोस्ट पिड़रा, चांदन थाना.

मिथुन कुमार यादव पिता बालेश्वर यादव (24 साल) निवासी ग्राम घाटीबरन पोस्ट, कटोरिया थाना.

मुकेश कुमार यादव पिता परमेश्वर यादव (29 साल) निवासी ग्राम बोड़ा पोस्ट, सुईया थाना.

रूपेश कुमार यादव पिता प्रकाश यादव उम्र 21 साल निवासी चांदोली पोस्ट बोरहारा बेल्हर थाना.

# भारत की दूसरी सबसे बड़ी गुफा खुलेगी आज साल में केवल एक बार ही होते हैं गुफा में शिव जी के दर्शन

### चमगादड़ गुफा

ठाकुरटोला के सरपंच ने बताया कि यही सेतगंगा कुंड के अंदर चमगादड़ गुफा के नाम से विख्यात गुफा है। जिसमें हजारों की संख्या में चमगादड़ रहते हैं। जहां दिन में भी काफी अंधेरा होता है, यहां के पत्थरों पर टॉर्च की रौशनी तारों की तरह प्रतीत होता है। पिछले वर्ष यहां 5 दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया गया था, जिसमें हजारों श्रध्दालु शामिल हुए थे। जिनके रूकने और खाने–पीने की व्यवस्था ग्रामीणजन आपस में सहयोग करके व्यवस्था करते हैं।

### गुफा की कई हिस्से अब तक अनछुए

पंडित राधामोहन ने बताया कि इस गुफा को विश्व की छठवीं और भारत की दूसरी सबसे बड़ी गुफा है। गुफा का अंतिम हिस्सा आज तक अबूझ है। इसके साथ ही गुफा के अधिक गहराई में जाने पर तालाब जैसे कुंड होना बताया जाता है।



**खैरागढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य में प्राकृतिक धरोहरों का भंडार है। यहां कई घने जंगल, झरने, नदियां, पहाड़ और कई गुफाएं हैं। लेकिन खैरागढ़ जिले के घने जंगल में स्थित मंडीप खोल गुफा, विश्व की 6वीं और भारत की दूसरी सबसे बड़ी (गहरी और लंबी) गुफा मानी जाती है। मंडीप खोल गुफा में भक्ति और प्रकृति का अनूठा संगम देखने को मिलता है। भगवान शिव को समर्पित यह प्राकृतिक गुफा साल में केवल एक बार ही खुलती है। इस बार मंडीप खोल गुफा 13मई (सोमवार) को खुलने वाली है।

बता दें, खैरागढ़ जिले के छुईखदान विकासखण्ड के ग्राम ठाकुरटोला के समीप घने जंगलों के बीच मंडीप खोल स्थित है। इस गुफा को हर साल अक्षय तृतीया के बाद पहले सोमवार को पर्यटकों के लिए खोला जाता है। जिसमें अन्य राज्यों के पर्यटक भी भारी संख्या में मंडीप खोल गुफा को देखने पहुंचते हैं।

### गुफा दर्शन को लेकर खास तैयारियां

इस खास गुफा को खोलने से पहले यहां पर्यटकों के लिए सुरक्षा और जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। खैरागढ़ कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने शनिवार को मंडीप खोल गुफा और आस-पास के कई स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने गुफा खोलने से पहले साफ–सफाई, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रोड निर्माण की वजह से उड़ रहे धूल को कम करने ?के लिए पानी के छिड़काव करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर ने वन विभाग के अधिकरियों को बांस तथा बल्लियों के बैरिकेटिंग तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे गुफा के अंदर श्रध्दालु क्रम अनुसार प्रवेश कर सके।

### रियासतकालीन परंपराओं से होती है पूजा

ठाकुरटोला के जमींदार परिवार द्वारा ही मंडीप खोल गुफा की प्रथम पूजा–अर्चना की जाती है। यह एक ऐतिहासिक गुफा है, जहां रियासतकालीन परंपराओं के अनुसार पूजा होती है।

### सेतगंगा कुड का पानी गंगा की तरह शुद्ध

बता दें, यहां आने वाले पर्यटक सर्वप्रथम सेतगंगा के नाम से प्रचलित कुंड पर स्नान के बाद मंडीप खोल गुफा के अंदर शिवलिंग की पूजा–अर्चना करते हैं। सेतगंगा कुड की ऐसी मन्याता है कि, यह का पानी गंगा जल की तहर शुध्द है, जो कभी खराब नहीं होता और ना ही इस जल में कीड़े लगते हैं।

## बाइक से टक्कर के बाद महिला को आई चोट, आक्रोशित परिजनों ने चालक को जमकर पीटा, इलाज के दौरान हुई मौत





**गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही।** अगर कोई गलती करे तो क्या लोगो को कानून हाथ में लेने का हक हो जाता है ? पेण्ड्रा के बसंतपुर में ऐसी घटना सामने आई जिसे लेकर ये सवाल खडा हो रहा हैं. यहां बाइक से टक्कर के बाद महिला के परिजनों ने एक शख्स के साथ जैसा सलूक किया वो इंसानियत को शर्मसार करने वाला है।

दरअसल, बसंतपुर में शनिवार शाम सड़क पर दौड़ रहे बच्चे को बचाने के चक्कर में बाइक सवार युवक किनारे चल रही महिला से टकरा गया. इससे गुस्साई महिलाओं ने अपने परिवार के लोगो को बुलाकर बाइक सवार की बेरहमी से पिटाई कर दी. जिसके बाद उसे घायल अवस्था में अस्पताल ले जाय गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. इस वारदात की सूचना के बाद आक्रोशित परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

बता दें कि मृतक का नाम रामा पनिका है जो कि जिले के आमाडांड गांव का रहने वाला था, मृतक के भाई रामप्रसाद ने बताया कि रामा की पत्नी की मौत हो चुकी है और वह मजदूरी कर अपने माता-पिता और 10 साल के बेटे का भरण पोषण करता था. बुधवार को रामा किसी काम से पेण्ड्रा आए हुए था. काम निपटने के बाद वह अपनी बाइक से वाप घर लौट रहे था. इस दौरान बसंतपुर के पास महिलाएं बच्चों के साथ सड़क पर टहल रही थी. इसी दौरान बच्चा सड़क पर दौड़ने लगा, जिसे बचाने के चक्कर में रामा आशा साहू से जा टकराया. टक्कर की वजह से उसे चोट लगी थी, जिसके बाद उसने अपने परिजनों को फोन कर मौके पर बुलवाया. इसके बाद मौके पर पहुंचे जगजीत साहू, दुर्गा प्रसाद साहू और घर की महिला सदस्यों ने आशा को अस्पताल भेजा और रामा के साथ मारपीट करने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना के दौरान आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों ने उन्हें रोकने की भी कोशिश की, लेकिन उन्होंने लोगो की एक न सुनी और रामा को मारते-मारते अधमरा कर दिया. इस दौरान वह बेसुध हो गया था. इधर किसी ने घटना की जानकारी रामा के भाई रामप्रसाद को दी. जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस से अपने घायल भाई को अस्पताल पहुंचाया. इसके बाद डॉक्टरों रामा की हालत देख उसे बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर सिम्स रेफर कर दिया. जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### गुस्साएं परिजन मांग रहे इंसाफ

**बता दें कि रामा की मौत से जहां एक ओर उसके वृद्ध माता–पिता का सहारा छिन गया है. वहीं, 10 साल का बेटा भी बेसहारा हो गया है. रामा की मौत से आक्रोशित परिजनों और समाज के लोगों ने पेण्ड्रा थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाकर दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है. वहीं पेण्ड्रा पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है।**

## सेमरा के जंगल में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए नक्सली की हुई पहचान, सिर पर था पांच लाख का इनाम



**गरियाबंद।** धमतरी और गरियाबंद जिले के सीमा पर ग्राम सेमरा के जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में मारे गए नक्सली की पहचान मंगल मड़काम उर्फ अशोक के रूप में हुई है। मुठभेड़ के बाद जवानों ने मौके से नक्सली के शव सहित नक्सली साहित्य बरामद किया है. नक्सली मंगल मड़काम उर्फ अशोक बीजापुर जिले के गंगालूर थाना अंतर्गत ग्राम करका का निवासी है, जिसके सिर पर पांच लाख रुपए का ईनाम था. मंगल मड़काम प्रतिबंधित संगठन सीपीआई माओवादी सीसीएम गणेश उईके का गनमैन और एरिया कमेटी का सदस्य था।

अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212



## मातृ दिवस पर सीएम विष्णुदेव साय ने मां के साथ खुशनुमा पल का वीडियो किया शेयर

**रायपुर।** पूरी दुनिया में आज यानी 12 मई को मदर्स डे सेलिब्रेट किया जा रहा है. यह खास दिन मई महीने में आने वाले दूसरे रविवार को मनाया जाता है. मदर्स डे के दिन अपनी मां और उनके साथ अपने प्यारे रिश्ते को सेलिब्रेट किया जाता है. इस खास दिन पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी अपनी मां के साथ खुशी के पल का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है और अपनी मां के लिए कुछ पंक्तियां लिखी हैं. साथ ही प्रदेश की सभी माताओं को प्रणाम किया है. मातृ दिवस पर सीएम विष्णुदेव साय ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है, मां के लिए क्या लिखूं, मां ने तो सबको लिखा है. मातृ दिवस के शुभ अवसर पर प्रदेश की सभी महतारियों को सादर प्रणाम।



स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547